राज्यपाल सचिवालय
राज भवन , जयपुर

राज्यपाल ने आंतरिक सुरक्षा अकादमी का दौरा किया

जयपुर, 25 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुधवार प्रातः माउंट आबू स्थित आंतरिक सुरक्षा अकादमी का दौरा किया। उन्होंने अकादमी के अधिकारियों से यहां की कार्यप्रणाली के बारे में चर्चा की।

राज्यपाल ने वर्तमान में यहां संचालित आंतरिक सुरक्षा से संबंधित पाठ्यक्रमों और ऑनलाइन कोर्सेज की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने आंतरिक सुरक्षा की वर्तमान चुनौतियों के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रमों को समयानुरूप बनाए जाने की आवश्यकता जताई।

अकादमी परिसर में राज्यपाल श्री मिश्र का केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के महानिरीक्षक और आंतरिक सुरक्षा अकादमी के निदेशक श्री एम.एस. शेखावत ने स्मृति चिन्ह एवं 'इंडिया फर्स्ट' पुस्तक की प्रति भेंट कर स्वागत किया। कमाण्डेण्ट श्री प्रेम चन्द ने आंतरिक सुरक्षा अकादमी की स्थापना, उद्देश्य एवं गतिविधियों के बारे में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी दी।

इस दौरान राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविंदराम जायसवाल, उप कमाण्डेण्ट श्री तेज प्रकाश सिंह सहित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के अधिकारीगण उपस्थित रहे।